हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

# हर स्तर पर ईमानदार प्रयास जरूरी, योग्य अभ्यर्थी को ही मिले मौका

चाईबासा, संवाददाता। चाईबासा समेत अन्य जगहों के हजारों विद्यार्थी हर साल डॉक्टर बनने के सपने संजोते हैं। इस सपने को साकार करने के लिए वे कई साल तक प्रवेश परीक्षा की तैयारी करते हैं। इस साल भी शहर के 12 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने नीट यूजी की परीक्षा इस उम्मीद में दी थी कि वे मानवता की सेवा को समर्पित चिकित्सा के पेशे में जाएंगे और अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। कई को इसमें सफलता मिली भी है, लेकिन उनमें से कई अभ्यर्थी नीट यूंजी की प्रवेश परीक्षा की विश्वसनीयता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण मायूस भी हैं।

परीक्षा के पेपर लीक से लेकर इसके आयोजन की पूरी प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों के कारण अब विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर सशंकित हैं। लेकिन इसके साथ ही साथ उन्हें यह विश्वास भी है कि जब-जब किसी व्यवस्था में दीमक लगते हैं तो एक समय ऐसा भी आता है, जब व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए व्यापक पहल की जाती है। यह वही समय है। विद्यार्थियों को उम्मीद है कि नीट यूजी के साथ भी ऐसा ही होगा और एक-एक योग्य उम्मीदवार के साथ न्याय होगा। इस संबंध में प्रोफ़ेसर डॉ, मुरारी लाल वैद्य ने कहा कि नीट जैसी परीक्षा के प्रश्नपत्र का लीक होना शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी हम प्रतियोगिता परीक्षा की व्यवस्था को अच्छा नही कर पाएं है यह कंही न कंही सरकार की विफलता को दर्शाती है और मेरे हिसाब से इस तरह की परीक्षा को एजेंसी को देना उचित नही है जैसे देश की सुरक्षा और रक्षा विभाग का हम निजीकरण नही कर रहें है उसी प्रकार नीट जैसी परीक्षा लेने के कार्य मे निजीकरण बंद करना होगा। इस तरह की घटनाओं से भारत में प्रतिभा का गला घोंटा जा रहा है। और प्रतिभाहीन छात्रों को जगह मिल रही है। आज इस तरह की घटना ने छात्र छात्राओं का भविष्य दांव पर लगा दिया है। सरकार को इसमें बहुत सावधानी से भविष्य में निर्णय लेने की आवश्यकता है।

इस्टीम पब्लिक स्कूल में आपके प्रिय अखबार हिन्दुस्तान की ओर से आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। • हिन्दुस्तान



आगे भविष्य में परीक्षा व्यवस्था मजबूत बने और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो
– डॉ मनोज कुमार झा, प्राचार्य, कोल्हान इंटर कॉलेज



इस तरह की गड़बड़ी से बच्चों का आत्मविश्वास आहत होते हैं। परीक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की जरूरत है।
– टी. कुमार, प्राचार्य, इस्टीम स्कूल

युवा भारत देश की जान हैं और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ शर्मनाक है। नीट में गड़बड़ी से देश की काफी बदनामी हो रही है।– अमित मोदक

## क्या कहते हैं विद्यार्थी

नीट परीक्षा में स्कैम से यह बातें साफ हो गयी हैं कि जिनलोगों के पास पैसे हैं, वह अपने बच्चों को आगे बढ़ा सकते हैं।
-अर्पिता राय



मैं मध्यम वर्ग से आता हूं, अगर नीट जैसी परीक्षा में पारदर्शिता न हो तो हम जैसे अनेक छात्रों का मनोबल टूट सकता है।
- आर्यन कुमार गुप्ता



जब नीट जैसी परीक्षाओं में गड़बड़ी हो जाए तो देश के अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से क्या उम्मीद की जा सकती है।
-सुमित मिश्रा

नीट परीक्षा के रिजल्ट में हुई गड़बड़ी के कारण हम छात्र-छात्राओं का मनोबल परीक्षा के प्रति कमजोर हुआ है।
-सिद्र अनाम

जब नीट जैसी परीक्षाओं में गड़बड़ी हो जाए तो देश के अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं पर क्या उम्मीद की जा सकती है। सुधार हो।
-हिमांशु कुमार साव



नीट परीक्षा के रिजल्ट में हुई गड़बड़ी के कारण छात्र-छात्राएं चिंतित हैं और मनोबल गिरा है। हमारी मेहनत की कोई कीमत नहीं है। - कृतेश मिश्रा



सरकार परीक्षा में स्कैम के ऊपर रोक लगाए ताकी दोबारा इसकी पुनरावृति न हो सके। इससे छात्रों का मनोबल काफी गिर है।
- सिमरन गोप

नीट जैसी परीक्षाओं में गड़बड़ी मेधावी छात्रों का मनोबल तोड़ने वाली घटना है। गड़बड़ी पर कड़ाई से रोक लगे और दोषी को सजा मिले।-सौरभ महतो



इस तरह की गड़बड़ी से छात्रों में निराशा घर करने लगती है। इस तरह के घटनाक्रम से छात्र-छात्राओं पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।
- रोहित दास

परीक्षा में गड़बड़ी से अच्छे विद्यार्थी पीछे रह जाते हैं। इसलिए ऐसी घटना न घटे, इसके लिए कानून बनाया जाना चाहिए।
- श्रेया कुमारी

नीट परीक्षा में स्कैम से सिर्फ बच्चों की मेहनत ही बर्बाद नहीं हुई, उनके माता-पिता की मेहनती की गाढ़ी कमाई भी चली गयी।
-प्रियांजिला मिश्रा



अच्छे मेडिकल कॉलेज में दाखिला के लिए सभी छात्रों ने काफी मेहनत की है। इस मामाले में सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। -रोनित दास

## अभिभावक

वर्तमान समय में एनडीए को हाई टेक्नोलॉजी के प्रयोग के साथ-साथ कदाचार मुक्त परीक्षा करानी चाहिए।
- दिनेश पांडे

सभी परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की जरूरत है। विद्यार्थियों को शंका न हो और उन्हें उचित परीक्षा फल मिल सके।
- विकास कुमार

नीट पेपर लीक में जो भी लोग शामिल थे, उनपर उचित कार्रवाई हो। कार्रवाई नहीं हुई तो भ्रष्टाचारियों का हौसला बढ़ेगा।
-बालकिशोर महतो

## शिक्षाविद्

बच्चे के मेहनत के पीछे पूरा परिवार मेहनत करता है ऐसे में बच्चों की मेहनत बर्बाद नहीं होनी चाहिए। सरकार सख्ती बरते।
-पुष्पिका दास